NMC's 'yes' to increase MBBS seats in PtJNMMC

■ Staff Reporter
RAIPUR, May 16

IN ANOTHER good move for the medical aspirants of Chhattisgarh, National Medical Commission (NMC) has issued Letter of Permission (LoP) for increasing 50 seats of admission in MBBS in Pandit Jawaharlal Nehru Memorial Medical College (Pt JNMMC), the apex medical institute of the State here in Raipur. With this, the number of seats will rise from existing 150 to 200 from the current academic session 2023-24.

"Chhattisgarh state's oldest Pt JNMMC had applied to NMC for increasing the admission seats. Hereafter, an inspection team from NMC visited the medical college and undertook an extensive survey of the college's faculty set-up, infrastructure, hospital and other medical teaching needs. It was only after the NMC team were thoroughly satisfied during their inspection that the Pt JNMMC met with the requisite standards and criteria, needed for starting 200 seats of MBBS, gave its consent to increase the seats," Dr Arvind Neral, Chairman, NMC Cell, Pt JNMMC told The Hitavada.

According to Dr Neral, apart from these 200 seats, there will be 30 additional seats for

(Contd on page 6)

प्रोइज कर लेता है।

एमबीबीएस की 50 सीटें मंजूर, अब कुल 200 सीटें

रायपुर मेडिकल कॉलेज से अब हर साल 50 डॉक्टर ज्यादा निकलेंगे

1960 में 60 सीट के साथ शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रायपुर. पं. जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज से अब हर साल 50 ज्यादा डॉक्टर निकलेंगे। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से 50 सीटों की मंजूरी मिलने के बाद अब यहां एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 200 हो गई है। इसे इसी शैक्षणिक सत्र से लागू कर दिया जाएगा।

मिली जानकारी के मुताबिक सीटें बढ़ाने के लिए मेडिकल कॉलेज ने एनएमसी को आवेदन किया था।

इसके बाद निरीक्षण दल ने कॉलेज के फैकल्टी, अधोसंरचना, अस्पताल और अन्य मेडिकल फेसिलिटी की जांच की। एमबीबीएस की 200 सीटों के लिए निर्धारित मापदंडों में खरा उतरने के बाद मेडिकल कॉलेज को लेटर ऑफ परमिशन जारी कर हरी झंडी दे दी गई है। बता दें है कि इन 200 सीटों के अलावा आर्थिक कमजोर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए 30 सीटें अतिरिक्त होंगी। इन्हें बढ़ाकर 50 करने के लिए भी एनएमसी को पत्र भेजा गया है।

60 साल पहले 1963 में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की शुरुआत एमबीबीएस की 60 सीटों के साथ हुई थी। 1976 में यह संख्या 100 हो गई। 2009 में तीसरी बार सीटों की संख्या बढ़ाकर 150 की गई। फिलहाल, 50 सीटों की बढ़ोतरी प्रदेश के होनहार स्टूडेंट्स के लिए वरदान साबित होगी। प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगी। 150 स्नातकोत्तर (एम.डी/एम.एस.) और 3 विषयों में सुपर स्पेशियलिटी (एम.सी.एच.) पाठ्यक्रमों के साथ पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा कॉलेज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा और पुराना चिकित्सा शिक्षा संस्थान है।

मेडिकल कालेज में फारेंसिक की पांच समेत 150 पीजी सीटों पर होगा प्रवेश

अवसर ● एमबीबीएस के लिए 200 सीटें, एनएमसी की टीम ने किया था निरीक्षण

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में फारेंसिक मेडिसिन एंड टाक्सीकोलाजी (एफएमटी) विभाग को पांच एमडी सीटों के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन से लेटर आफ इंटेंट (एलओआइ) से अनुमति मिली है। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023-24 से फारेंसिक की पांच समेत 150 सीटों पर प्रवेश होगा।

मेडिकल कालेज के एनएमसी सेल के चेयरमैन डा. अरविन्द नेरल ने बताया कि एनएमसी की टीम ने पांच जनवरी 2023 को फारेंसिक मेडिसिन विभाग का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में फैकल्टी, उनके अनुभव, शोध प्रकाशन, शिक्षण सुविधाएं और उपलब्ध अधोसंरचना संतोषजनक एवं निर्धारित मापदंडों के पाए जाने पर एनएमसी ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। शासन से इस पाठ्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रवेशित विद्यार्थियों को नियमानुसार

रायपुर मेडिकल कालेज। ● नईदुनिया

शिष्यावृत्ति मुहैया कराने की स्वीकृति दी जाएगी। इस आधार पर लेटर आफ परमिशन (एलओपी) प्राप्त होगा। इस पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से फारेंसिक मेडिसिन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की लंबे समय से की जा रही कोशिश कामयाब हुई है।

सभी विभागों में एमडी की सीटें: मेडिकल कालेज की डीन डा. तृप्ति नागरिया ने बताया कि अब सभी 21 विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एमडी, एमएस) में प्रवेश सीटों की संख्या 150 हो गई है। यह प्रदेश के किसी भी मेडिकल कालेज में स्नातकोत्तर की सर्वाधिक सीटें हैं। इसके साथ ही इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की 200 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आर्थिक कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए अनुपातिक सीटें मिलने पर यह संख्या 240 हो जाएगी। इसके अलावा न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी और पीडियाट्रिक सर्जरी में सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रम एमसीएच के लिए भी छह सीटें उपलब्ध हैं।

> चिकित्सा शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। फारेंसिक मेडिकल के लिए एमडी की पांच सीटें मिलना खुशी की बात है। इससे प्रदेश के चिकित्सा छात्रों को लाभ मिलेगा।
>
> –मो. कैसर अब्दुल हक, आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग

राज्य के इन मेडिकल कालेजों में हैं फारेंसिक मेडिसिन की सीटें

कालेज	एमडी सीटें
रायपुर	5
बिलासपुर	2
जगदलपुर	3

प्रदेश के शासकीय मेडिकल कालेजों में पीजी सीटें

मेडिकल कालेज	पीजी सीटें
रायपुर	150
बिलासपुर	39
जगदलपुर	10
रायगढ़	18
राजनांदगांव	1
अंबिकापुर	46
कुल	274

प्रदेश के निजी मेडिकल कालेजों में पीजी सीटें

श्री शंकराचार्य भिलाई	57
रिक्त रायपुर	47
कुल	104